Rapid Fire करेंट अफेयर्स (08 November)

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-november-08

- **मेक्सिको में मैमथ के दाँत मिले:** मेक्सिको के टोलिपेक में खुदाई के दौरान वैज्ञानिकों को 14000 वर्ष पहले मैमथ (हाथी जैसा विशाल जानवर) की हड्डियाँ और दाँत मिले हैं इसे विशाल मैमथ के बारे में प्रमाणिक खोज माना जा रहा है।
- **फारमित्र एप:** निजी क्षेत्र की बीमा कंपनी बजाज अलियांज ने फारमित्र एप लॉन्च किया गया इसका उद्देश्य किसानों से संबंधित विभिन्न ज़रूरतों से जुड़ी सूचना प्रदान करना है इस एप के माध्यम से किसानों को न केवल बीमा से जुड़ी समस्त सूचनाएँ दी जाएंगी बल्कि इसके माध्यम से मौसम में होने वाले बदलावों, फसलों का बाज़ार मूल्य आदि के बारे में लगातार जानकारी उपलब्ध कराएगी। इस एप के ज़रिये सीधे PM फसल बीमा योजना की वेबसाइट तक पहुँचा जा सकेगा।
- **अंतर आस्था केंद्र:** मानव संसाधन विकास मंत्रालय मंत्री रमेश पोखरियाल ने पंजाब में गुरु नानक देव विश्वविद्यालय में अंतर आस्था केंद्र की स्थापना की। इस सम्मेलन में मूल रुप से पंजाबी में प्रकाशित तीन पुस्तकों गुरु नानक बानी, नानक बानी और साखियाँ का विमोचन किया गया।
- **खादी को मिला एचएस कोड:** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने खादी उत्पादों के लिये अलग से एचएस कोड (हार्मोनाइज्ड सिस्टम) आबंटित किया है। केंद्र सरकार ने देश और विदेश में खादी की बिक्री, मांग, उत्पादन और खपत में बढ़ोतरी का स्तर बरकरार रखने हेतु विश्व में इसकी अलग पहचान के लिये ज़रूरी एचएस कोड दिलाने का फैसला किया था। एचएस कोड एक अंतरराष्ट्रीय कोड होता है, इस कोड की स्वीकार्यता पूरी दुनिया में होती है। एचएस छह अंकों का एक पहचान कोड है। इसे विश्व सीमा शुल्क संगठन (डब्ल्यूसीओ) ने विकसित किया है। एचएस कोड से अब विदेशों में खपत को टेक्सटाइल से अलग चिह्नित किया जा सकेगा।
- **गांधी परिवार की एसपीजी सुरक्षा:** केंद्र सरकार ने हाल ही में सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी की एसपीजी (स्पेशल प्रोटेक्शन फोर्स) सुरक्षा हटाने का निर्णय लिया है। गौरतलब है कि कॉन्ग्रेस से जुड़े इन तीनों नेताओं को अब CRPF की Z+ श्रेणी की सुरक्षा दी जाएगी। यह फैसला गृह मंत्रालय की उच्चस्तरीय बैठक में लिया गया है। एसपीजी की सुरक्षा अब सिर्फ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पास ही रहेगी। क्योंकि इससे पहले एसपीजी की सुरक्षा केवल चार लोगों के पास थी जिसमें प्रधानमंत्री मोदी के साथ-साथ सोनिया गांधी, राहुल गांधी तथा प्रियंका गांधी का नाम शामिल था।
- **रोहित शर्मा:** रोहित शर्मा ने 100 मैचों की 92 पारियों में 32 की औसत और 137.68 की स्ट्राइक रेट से 2533 रन बनाए हैं। रोहित शर्मा ने क्रिकेट के इस छोटे प्रारूप में अब तक 115 छक्के लगाए हैं। पाकिस्तान के शोएब मलिक एकमात्र ऐसे क्रिकेटर हैं जिन्होंने 100 से अधिक टी 20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले है। उनके नाम पर 111 मैच दर्ज हैं। रोहित शर्मा ने भारत की ओर से सबसे ज्यादा मैच खेलने के मामले में पिछले मैच में पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को पछाड़ा था जिन्होंने 98 टी-20 मैच खेले थे। इसके साथ रोहित शर्मा ने पाकिस्तान के दिग्गज खिलाड़ी शाहिद आफरीदी को भी पीछे छोड़ दिया है जिनके नाम 99 टी-20 मैच हैं। इसके अतिरिक्त रोहित शर्मा टी-20 भारत की तरफ सबसे अधिक छक्के लगाने वाले बल्लेबाज हैं, रोहित शर्मा ने क्रिकेट के इस प्रारूप में 115 छक्के लगाएँ हैं।